<u>समाचार</u>

# अग्रवाल महिला मंडल के होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुई महापौर




कोरबा 25 मार्च 2016– महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने 24 मार्च को अग्रसेन भवन में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए अग्रवाल महिला मंडल कोरबा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुई। उन्होंने होली पर्व की अपनी शुभकामनाएं दी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को पारितोषिक का वितरण किया।

श्री अग्रवाल महिला मंडल कोरबा द्वारा अग्रसेन भवन कोरबा में 24 मार्च को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री दिलीप अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती संगीता अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थी। महिला मंडल की पदाधिकारियों एवं सदस्याओं ने महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल का हार्दिक स्वागत किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल तथा अन्य अतिथियों एवं महिला मंडल की सदस्यों ने फुलों से होली खेली तथा अविर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह के दौरान विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा सुंदर, मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने प्रतिभागियों को पारितोषिक का वितरण किया तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी।

समारोह के दौरान समाजसेविका मंगल बुधिया, महिला मंडल के अध्यक्ष अनिता सिंघल, सचिव सुमन केडिया आदि के साथ अग्रवाल महिला मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थी।